DR Krishnadeo kumar bharti
Assistant professor (G.T)
Dept of Political science
C.M.j College Donwarihat
Khutauna, Madhubani
Email----Kdkbharti08@gmail.com
B.A.Part----3--Date--21-05-2020
Mo.No--9234999361.

नौकरशाही से आप क्या समझते हैं?नौकरशाही के प्रकारों एवं विशेषताओं की व्याख्या करें।
What do you mean by Bureaucracy ? Discuss the types and characteristics of bureaucracy.

नौकरशाही का अंग्रेजी पर्यायवाची शब्द 'ब्यूरोक्रेसी(*Bureaucracy*)फ्रांसीसी भाषा के ब्यूरो शब्द से लिया गया है।इसका अर्थ एक विभागीय उपसम्भाग अथवा विभाग से है।यह प्रायः सरकारी विभाग का परिचायक है।

लोक प्रशासन के साहित्य में नौकरशाही---- वे कर्मचारीगण हैं जो अपने पद के दायित्वों का निर्वाह करते हुए एक विशेष प्रकार का आचरण करते है।इस नौकरशाही की संस्थागत रूप रचना तथा संगठनात्मक एवं संरचनात्मक पहलू को कर्मिक प्रशासन के रूप में जाना जाता है।इसके अन्तर्गत लोक सेवको की भर्ती, प्रशिक्षण, पदोन्नति, पद वर्गीकरण,वेतन सेवा की अन्य शर्तें, आदि विषय शामिल किए जाते है। कार्मिक प्रशासन के इन सभी पहलुओं की सन्तोष प्रद व्यवस्था होने पर ही यह आशा की जा सकती है कि नौकरशाही सुचारु रूप से कार्य करते हुए अपने निर्धारित लक्ष्यों की उपलब्धि की दिशा में निश्चयात्मक रूप से अग्रसर हो सकेगी।

लॉस्की (*Laski*)नौकरशाही शब्द का प्रयोग सरकार की एक ऐसी व्यवस्था के लिए करते हैं जिसका नियंत्रण इतना पूरी तरह अधिकारियों के हाथ में है कि उनकी सत्ता से सधारण नागरिकों की स्वतंत्रताएँ खतरे में पड़ जाती है।
वे नौकरशाही को एक सर्वव्यापी सामाजिक धटना मानते थे और ये समझते थे कि यह समुदायिक क्रिया को विवेकपूर्ण व्यवस्थित सामाजिक क्रिया में बदलने का साधन है।

नौकरशाही के प्रकार(*Types of Bureaucracy*)

*1.*अभिभावक नौकरशाही---इस प्रकार की नौकरशाही जनहित के लिए काम करती है।इसके सारे कामों के पीछे जनहित की भावना छिपी होती है।वे न्याय तथा लोककल्याण के संरक्षक होते है।इस प्रकार की नौकरशाही की परिभाषा करते हुए माक्र्स ने कहा है कि "यह विद्वान अधिकारीगण होते है जो शास्रोक्त आचरण में दीक्षित होते है।"ऐसी लोक सेवा अपने आप को लोकहित का अभिरक्षक मानती थी,किन्तु लोकमत से स्वतंत्र थी तथा उसके प्रति उत्तरदायी भी होती थी।

जातीय नौकरशाही----जब प्रशासनिक तथा राजनीतिक सत्ता एक ही वर्ग विशेष के हाथों में हो तो तब जातीय नौकरशाही का उदभव होता है।जातीय नौकरशाही का आधार एक वर्ग विशेष होता है।इस प्रकार की नौकरशाही राजनीतिक व्यवस्थाओं वाले देश में व्यापक रूप से प्रचलित है।

*3.*संरक्षक नौकरशाही----- यह नौकरशाही का वह रूप है जिसमें लोकसेवकों की नियुक्ति उनकी तुलनात्मक योग्यता के आधार पर नहीं की जाती वरन् नियोक्ता और प्रत्याशियो के राजनीतिक सम्बन्धों के आधार पर की जाती है।इस प्रकार की नौकरशाही में चुनाव में विजयी राजनीतिज्ञ अपने समर्थकों को ऊंचे पदों पर नियुक्त करते हैं।

संरक्षक नौकरशाही की कतिपय मुख्य विशेषताएँ निम्न है-*1.* इसमे कर्मचारियों की भर्ती के समय उनकी शैक्षणिक अथवा व्यावसायिक योग्यता को विशेष महत्व नहीं दिया जाता।
2. लोक सेवाओं से सत्ताधारी दल के कार्यक्रमों एवं नीतियों के साथ प्रतिबद्धता की अपेक्षा की जाती है।
3. लोक सेवकों का कार्यकाल सुरक्षित नहीं होता।वे अपने पद पर तभी तक कार्य कर सकते हैं जब तक कि उन्हें सत्ताधारी दल का संरक्षण प्राप्त है।

नौकरशाही की विशेषताएँ----

*1.*सत्ता का आधार राज्य एवं शासन का कानून
2. कानून और नियम में अटूट विश्वास
*3.*तकनीकी विशेषज्ञता
*4.*प्रत्येक पद के लिए निर्धारित सत्ता
*5.*पद सोपान का सिद्धान्त
*6.*लालफीताशाही
*7.*मूल्य व्यवस्था

आगे, धन्यवाद।

2020-05-21
From vivo Note

Scanned with CamScanner